**1981-82 के दौरान गुजरात के लिए स्वीकृत एवं लम्बित ग्राम विद्युतीकरण योजनाएं :**

2574. **श्री मोती भाई आर० चौधरी :** क्या ऊर्जा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रामीण विद्युतीकरण निगम को 1981-82 में मंजूरी के लिए गुजरात से कितनी योजनाएं प्राप्त हुईं;

(ख) उनमें से अब तक कितनी मंजूर की गई हैं और कितनी लम्बित हैं; और

(ग) लम्बित योजनाओं को कब तक मंजूरी दे दी जायेगी और उनके अधीन कितने गांवों का विद्युतीकरण किया जाना है ?

**ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विक्रम महाजन) :** (क) वर्ष 1981-82 के दौरान ग्राम विद्युतीकरण निगम को गुजरात बिजली बोर्ड से 27 स्कीमें प्राप्त हुई हैं ।

(ख) इसमें से 12 स्कीमों का अनुमोदन कर दिया गया है और शेष स्कीमें विभिन्न कारणों से अनुमोदन के लिए लम्बित हैं ।

(ग) भाग (ख) में जिन लम्बित स्कीमों का उल्लेख है वित्तीय सहायता की स्वीकृति के लिए उन स्कीमों पर चालू अगले वित्त वर्ष में विचार किया जाएगा बशर्ते निधियां उपलब्ध हों ।

**चण्डीगढ़ में सिनेमा टिकटों की कालाबाजारी**

2575. **श्री दयाराम शाक्य :** क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान चण्डीगढ़ के सिनेमा गृहों में सिनेमा गृहों के मालिकों की सांठ गांठ से सिनेमा टिकटों की बढ़ती कालाबाजारी की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार का विचार इस बारे में कोई ठोस कदम उठाने का है जिससे कि सिनेमा देखने जाने वालों को बिना किसी दिक्कत के सिनेमा के टिकट मिल सकें ?

**सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री बसन्त साठे) :** (क) यद्यपि चण्डीगढ़ में सिनेमा टिकटों की कालाबाजारी के मामलों का पता चण्डीगढ़ प्रशासन द्वारा 1981 में लगा लिया गया था, किन्तु उनके ध्यान में यह बात नहीं आई है कि कालाबाजारी सिनेमाघरों के मालिकों की सांठ गांठ से की जाती है ।

(ख) सिनेमा टिकटों की कालाबाजारी की रोकथाम करने के लिए, 50 प्रतिशत सिनेमा टिकटों को 7 दिन की अग्रिम बुकिंग में बेचने तथा बाकी 50 प्रतिशत सिनेमा टिकटों को चालू बुकिंग में बेचने की एक नयी पद्धति चण्डीगढ़ प्रशासन द्वारा पहली अगस्त, 1981 से चालू की गयी थी ।

**Additional Security Deposit for Telephone from Defaulters**

2576. SHRI K. MALLANNA : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Posts and Telegraphs Department has decided to demand additional security deposit for telephones from defaulters

in a bid to tackle the mounting arrears of telephone revenue;

(b) if so, the details regarding the guidelines in this regard; and

(c) the details regarding the total outstandings during the last year which still are continuing during the current financial year ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI YOGENDRA MAKWANA) : (a) Instructions reiterating the relevant provisions of Rule 445 of Indian Telegraph Rules for levy of Security Deposits from the existing subscribers who default or who habitually delay the payment of telephone dues have been issued to the units.

(b) Security deposits are leviable from those subscribers who default in payments or whose financial soundness is considered unreliable and also from the subscribers who habitually delay the payment of telephone bills.

(c) Out of the bills for Rs. 561.95 crores issued during the year 1980-81, Rs. 7.54 crores was outstanding as on 1-7-1981, and on 1-12-1981 it was only Rs. 4.53 crores. It is less than 10% of the amount billed.

**Supply of Electricity to Unapproved Colonies of Delhi**

2577. SHRI MOHAMMAD ASRAR AHMAD : Will the Minister of ENERGY be pleased to state :

(a) whether it is a fact that DESU is providing permanent electricity connections to the owners of houses in unapproved colonies;

(b) whether it is also a fact that DESU is not sanctioning permanent electricity connections to the plot owners of DDA in Pitam Pura and other DDA colonies and insisting for completion certificate ; and

(c) if the answer to (a) and (b) is in the affirmative, the reasons for such discrimination relating to plot owners of DDA colony ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN) : (a) and (b). As per the recent instructions of the Delhi Administration, no electricity connection can be given in respect of any new structure raised in unauthorised colonies after 1-1-1981. In respect of all other new constructions DESU can entertain the request for the grant of electric connection subject to the fulfilment of the usual commercial formalities.

The applications for the grant of permanent electric connections in Pitampura and other DDA colonies will be processed by DESU in accordance with the procedure laid down by the Delhi Administration.

(c) In view of reply to parts (a) and (b) above, the question of any discrimination in the matter does not arise.

**पटना में डाक-तार कर्मचारी की मृत्यु**

2578. प्रो० सत्य देव सिंह : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आरा में नियुक्त डाक-तार विभाग के कर्मचारी तथा यूनियन के पदाधिकारी श्री जी० बी० सिंह किन परिस्थितियों में पटना में पी० एम० जी० के कार्यालय भवन की तीसरी मंजिल से गिर गये तथा बाद में मर गए ;

(ख) इसके लिए उत्तरदायी व्यक्ति कौन है ; तथा उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और